an>

Title:Regarding sedatives in Packed food products.

श्री पी.पी.चौधरी (पाली) : महोदय, मैं आपका आभारी हूँ कि आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विÂ◌ाय पर बोलने का अवसर प्रदान किया।...(व्यवधान) अभी हाल ही में पूरे देश में रेडी टू ईट फूड, फास्ट फूड, ड्रिंक्स, बोतल बंद पानी में खतरनाक पदार्थों की मानव स्तर से अधिक मात्रा के मुद्दे बड़े जोर-शोर से उठ रहे हैं।...(व्यवधान) कई उत्पादों पर रोक भी लगाई गई है।...(व्यवधान) कई उत्पादों की जाँच सक्षम एजेंसियों द्वारा कराई गई, परन्तु आज भी यह एक बड़ा प्रश्न है कि जो खाद्य पदार्थ इन जाँचों की प्रक्रिया से अभी भी बचे हुए हैं, उन्हें खाने से हमारी सेहत पर पड़ने वाले प्रभाव की मात्रा क्या है?...(व्यवधान)

जंक फूड स्वास्थ्य के लिए और विशेÂ◌ाकर बच्चों के लिए हानिकारक हैं, ऐसा सभी समझते हैं, परन्तु फास्ट फूड के अलावा बाजार में बिस्कुट, जूस, नमकीन जैसे अनगिनत खाद्य पदार्थ हैं, जिन्हें खाते समय देश का नागरिक अपने आपको डरा हुआ महसूस कर रहा है।...(व्यवधान)

आज देश की जनता सरकार से जानना चाहती है कि किस प्रकार देश के नागरिकों की खाद्य पदार्थों के प्रति सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी?...(व्यवधान) जबकि कई राज्यों में इन पदार्थों की जाँच के लिए प्रयोगशालाएँ तक नहीं हैं और जहाँ हैं, वे भी असक्षम हैं तथा अधिकतर राÂट्रीय व अंतर्राÂट्रीय मानकों को पूरा नहीं करती हैं।...(व्यवधान) सभी खाद्य पदार्थों की जाँच को देश में एक ही एजेंसी के भरोसे छोड़े जाने पर भी प्रश्न उठता है, क्योंकि इनके द्वारा मान्यता प्राप्त टेस्टिंग लैब खाद्य पदार्थों के लिए ही नहीं, अपितु रबड़, पेट्रोलियम, रासायनिक आदि के लिए भी काम करती हैं, तथा इनकी संख्या भी देश भर में नाम मात्र की है।...(व्यवधान) इतनी कम लैबों पर देश भर की जाँचों का दबाव होने के कारण गुणवत्तापूर्ण परिणाम प्राप्त होने पर भी संदेह किया जा सकता है। यह भी देखने में आया है कि एक ही पदार्थ की अलग-अलग जाँच रिपोर्ट अलग-अलग बातें कहती हैं, जो कि पूर्णतयाः विरोधाभासी हैं।...(व्यवधान)

पुरानी सरकारों द्वारा की गई गलतियों के भरोसे देश की इतनी बड़ी आबादी के स्वास्थ्य संबंधी विÂ◌ाय को यूं ही नहीं छोड़ा जा सकता है।...(व्यवधान) अब वक्त आ गया है कि देश में ऐसा ढाँचा तैयार किया जाए कि कोई भी खाद्य पदार्थ शत-प्रतिशत शुद्ध होने पर ही बाजार में बिकने के लिए आए। अगर फिर भी भविÂय में उसमें कुछ अस्वास्थ्यजनक पदार्थ पाए जाएं तो ना केवल कंपनी पर भारी जुर्माना हो, बल्कि उस पर आपराधिक केस भी दर्ज किया जाए।...(व्यवधान)

मेरा स्वास्थ्य मंत्री से निवेदन है कि इस मामले को देखा जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।...(व्यवधान)